# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

04 नवंबर 2023, शनिवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा मध्य प्रदेश के शिवपुरी, पिछोर और श्योपुर में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**मध्य प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें करप्शन नाथ नहीं बल्कि गरीब कल्याण के प्रति समर्पित भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए।**

*********************************

**मध्य प्रदेश की जनता को 'पॉलिटिक्स ऑफ परिवार' नहीं बल्कि 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस' वाली सरकार चाहिए। जनता के आशीर्वाद से मध्य प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा।**

*********************************

**कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने विकास के लिए कुछ नहीं किया, बस कमीशन खोरी का उद्योग स्थापित किया, ट्रांसफर इंडस्ट्री लगाई, बेटा-दामाद के कल्याण का उद्योग स्थापित किया और भ्रष्टाचार की इंडस्ट्री लगाई।**

*********************************

**कमलनाथ सरकार ने शिवराज सरकार द्वारा चलाई गई 51 से ज्यादा गरीब कल्याण योजनाओं को बंद कर दिया। यदि गलती से भी कमलनाथ सत्ता में आ गए तो लाडली बहन योजना और किसानों को मिल रही आर्थिक सहायता भी बंद हो जायेगी।**

*********************************

**कांग्रेस पार्टी 4C - करप्शन, कमीशन, कम्युनल दंगे और क्रिमिनल पॉलिटिक्स के फॉर्मूले पर चलती है। इस 4C से निकलकर विकास की धारा में मध्य प्रदेश को लाने के लिए भाजपा को वोट देना बहुत जरूरी है।**

*********************************

**कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करने के लिए हमेशा देश विरोधी ताकतों का समर्थन करती है। मोदी जी ने जिस PFI संगठन को प्रतिबंध लगाकर समाप्त किया, कांग्रेस उसी PFI का समर्थन करती थी।**

*********************************

**जाकिर नाइक जैसे आतंकवादी को Messenger of Peace कहना और हिंदू नेताओं पर भगवा आतंकवाद का आरोप लगाकर केस करने का काम कांग्रेस ने किया।**

*********************************

**सोनिया जी का लक्ष्य अपने बेटे राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाना और कमलनाथ जी का मकसद अपने बेटे नकुल नाथ को मुख्यमंत्री बनाना है। जो पार्टी परिवारहित की राजनीति करती है, वह गरीबों का भला नहीं कर सकती।**

**जिस कमलनाथ जी ने ₹350 करोड़ का 'मोजेर बेयर घोटाला', ₹2400 करोड़ का 'अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला', ₹600 करोड़ का 'इफको घोटाला' और ₹25,000 करोड़ का कर्जमाफ़ी घोटाला किया, उन्हें सत्ता में आने का कोई अधिकार नहीं है।**

****************************

**जब केंद्र में 10 साल तक कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्होंने मध्य प्रदेश को केवल 2 लाख करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन आदरणीय मोदी जी ने 9 साल में इसे बढ़ा कर ₹7 लाख 25 हजार करोड़ रुपये कर दिया। सभी योजनाओं को मिला दें तो 10 साल में लगभग ₹20 लाख करोड़ रुपए मध्य प्रदेश को दिए गए हैं।**

****************************

**हमारी सरकार ने वर्ष 2014 के बजट में दलित कल्याण के लिए आवंटित ₹1,100 करोड़ रुपये की राशि को बढ़ा कर ₹6,000 करोड़ किया। राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति योजना से 2 लाख से ज्यादा विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। 5 साल में 4 करोड़ से ज्यादा अनुसूचित जाति के छात्रों को ₹59,000 करोड़ की छात्रवृत्ति दी गई है।**

****************************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को मध्यप्रदेश के शिवपुरी, पिछोर और श्योपुर में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और मध्य प्रदेश की जनता से राज्य के विकास के लिए विकास के प्रति समर्पित डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि **मध्य प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें करप्शन नाथ नहीं बल्कि गरीब कल्याण के प्रति समर्पित भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए, उन्हें 2G घोटाला करने वाली सरकार नहीं बल्कि 5G की गति देने वाली सरकार चाहिए, उन्हें 'पॉलिटिक्स ऑफ परिवार' नहीं बल्कि 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस' वाली सरकार चाहिए।**

श्री शाह ने कहा कि यदि मध्य प्रदेश को मुख्यधारा में स्थापित करना है तो इसके लिए लोगों को डबल इंजन वाली सरकार को आगे लाना होगा। आपका एक वोट यह सुनिश्चित करेगा कि अगले 5 वर्ष में मध्य प्रदेश की विकास की रफ़्तार कैसी होगी। **मध्य प्रदेश में एक तरफ कांग्रेस जिसने प्रदेश को कई सालों तक अंधेरे में रखकर बीमारू राज्य बनाया, तो वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जिसने 18 वर्षों में किसान, दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासी, महिला और युवा हर एक के कल्याण के लिए काम किया।** जब मध्य प्रदेश में श्रीमान बंटाधार की कांग्रेस सरकार थी, तब की स्थिति यहाँ की जनता जानती है। कांग्रेस पार्टी को जब-जब शासन मिला तब-तब उसने अपना घर भरने का काम किया जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश व प्रदेश में विकास करने का काम किया है। **इस बार पूरे देश में दो दिवाली मनाई जाएगी, लेकिन मध्य प्रदेश में तीन दिवाली मनाई जाएगी। पहली तो दिवाली के दिन, दूसरी दिवाली 3 दिसंबर को भाजपा सरकार बनने पर मनाई जाएगी और तीसरी दिवाली 22 जनवरी को मनाई जायेगी जब रामलला अपने मंदिर में विराजमान होंगे।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कमलनाथ को घेरते हुए कांग्रेस बनाम भाजपा द्वारा किये गए विकास कार्यों पर विस्तार से तुलनात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि **2002 में जब कांग्रेस की मध्य प्रदेश से विदाई हुई थी, तब राज्य के बजट का आकार सिर्फ 23 हज़ार करोड़ रुपये था, आज मध्य प्रदेश में भाजपा के 18 साल के शासन काल में प्रदेश का बजट 3 लाख 14 हजार करोड़ रुपये का बना है। कांग्रेस काल में एससी-एसटी और ओबीसी के लिए 1000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित होता था, वहीं आज भाजपा ने इसे बढ़ाकर 64 हजार करोड़ रुपये कर दिया है। कांग्रेस के वक्त 2 साल में सिर्फ 4 हजार MSME रजिस्ट्रेशन होते थे, आज भाजपा शासन में 3 लाख 62 हजार MSME बने हैं। मध्य प्रदेश में सड़क नेटवर्क भी 60 हजार किलोमीटर से बढ़ कर 5 लाख 10 हजार किलोमीटर का हो चुका है।**

कांग्रेस सरकार को बंटाधार सरकार की संज्ञा देते हुए श्री शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार समर्थन मूल्य पर सिर्फ 4.5 लाख टन गेहूं की खरीद किया करती थी जिसे बढ़ाकर भाजपा सरकार ने 71 लाख टन कर दिया। कांग्रेस के वक्त मध्य प्रदेश में केवल

620 मेडिकल सीटें थी जो आज बढ़ कर 4 हजार हो गई है। कांग्रेस की सरकार में आईआईटी में प्रदेश में 150 सीटें थी, आज यह एक हजार हो गई है। पहले मध्यप्रदेश में 64 लाख पर्यटक आया करते थे जबकि हमारी सरकार में यह संख्या बढ़ कर 9 करोड़ हो गई है। मध्य प्रदेश में विकास के क्षेत्र में ये परिवर्तन भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि आज **कांग्रेस पार्टी अंबडेकर जी का फोटो लगाकर घूमती है, लेकिन कांग्रेस ने बाबासाहब का जीवन भर अपमान किया, यह एक ऐतिहासिक सत्य है।** जब तक कांग्रेस की सरकार रही, तब तक बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं दिया गया। इतना ही नहीं, उन्हें संसद में आने से रोकने के लिए हमेशा षड्यंत्र किया गया। बाबासाहेब को भारत रत्न तब मिला जब केंद्र में भाजपा के सहयोग से सरकार बनी। **भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने बाबासाहेब से जुड़े पंचतीर्थों का निर्माण कराया।** महू में जन्मभूमि, लंदन में शिक्षा भूमि, नागपुर में दीक्षा भूमि, दिल्ली में महापरिनिर्वाण भूमि और मुंबई में चैत्यभूमि का विकास किया गया है। नई दिल्ली में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण कराया है। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने पहली बार एक गरीब दलित घर के बेटे श्री रामनाथ कोविंद जी को और दूसरी बार, एक अत्यंत गरीब आदिवासी घर में जन्मी बेटी आदरणीया द्रौपदी मुर्मू जी को देश के राष्ट्रपति पद पर सुशोभित किया। मोदी सरकार में अनुसूचित जाति और जनजाति के सबसे अधिक सांसद हैं, भाजपा में एससी-एसटी के सबसे अधिक विधायक हैं।

श्री शाह ने भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों का ब्यौरा देते हुए कहा कि **हमारी सरकार ने वर्ष 2014 के बजट में दलित कल्याण के लिए आवंटित ₹1,100 करोड़ रुपये की राशि को बढ़ा कर ₹6,000 करोड़ किया। राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति योजना से 2 लाख से ज्यादा विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। 5 साल में 4 करोड़ से ज्यादा अनुसूचित जाति के छात्रों को ₹59,000 करोड़ की छात्रवृत्ति देने का काम भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किया है। हमारे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने प्रदेश की बहनों के उत्थान के लिए 'लाडली लक्ष्मी योजना' की शुरुआत की। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दो दिन में संसद के दोनों सदनों से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करा कर विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण देकर मातृशक्ति का सम्मान किया है।** भारत ने कुछ दिन पहले ही चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-III उतार कर इतिहास रच दिया। हमारा चंद्रयान, चंद्रमा पर जिस जगह उतरा, उसका नाम शिव शक्ति पॉइंट रखा गया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा नए संसद भवन बनाने और उसमें न्यायशक्ति के प्रतीक सेंगोल को स्थापित करने से प्रत्येक भारतवासी को गर्व की अनुभूति हुई है। इस वर्ष, भारत ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जिस तरह से G-20 शिखर बैठक का आयोजन किया, उसने भारतवर्ष की वैश्विक प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिए। G-20 में दुनिया से आए प्रमुख राष्ट्र अध्यक्षों ने भारत का महिमामंडन किया और हमारे प्रधानमंत्री जी के साथ एक पंक्ति में खड़े होकर हमारे राष्ट्र पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की जिसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देखा और सराहा गया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत का गौरव बढ़ाने का काम किया लेकिन कांग्रेस पार्टी ने देश के गौरव की हर बात का विरोध किया। कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार में आये दिन आतंकी हमले होते रहते थे लेकिन कांग्रेस सरकार उफ्फ तक नहीं करती थी। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर आतंकवाद की कमर तोड़ कर रख दी। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आतंकवाद पर अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर संकल्पबद्ध रहते हुए पीएफआई को एक रात में ही प्रतिबंधित कर आतंकवाद को समाप्त करने का कार्य किया है। वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीतिक के चक्कर में कांग्रेस आजादी के समय से ही धारा 370 के विषय को लटकाये हुई थी जिससे जम्मू-कश्मीर लगातार समस्याओं से जूझता रहा। ये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने धारा 370 को धाराशायी किया और जम्मू-कश्मीर में विकास के एक नए युग का आरंभ हुआ। इसी तरह कांग्रेस की सरकारों ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण को भी लटका कर रखा था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का भूमि पूजन कर मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। राहुल गाँधी सहित कांग्रेस के तमाम नेता हमें ताना मारा करते थे कि 'मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएँगे' लेकिन आज मैं पुनः एक बार उन सभी लोगों को कहना चाहता हूँ कि 22 जनवरी 2024 को श्रीरामजन्मभूमि पर रामलला विराजमान होने वाले हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने बाबा काशी विश्वनाथ कॉरिडर का निर्माण कराया, उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण कराया और बद्रीनाथ एवं बाबा केदारनाथ धाम का भी पुनरुद्धार कराया। सोमनाथ दादा के मंदिर

का पुनर्निर्माण भी हो रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने योग और आयुर्वेद को पूरे विश्व में स्थापित कर भारतीय संस्कृति के ध्वज को पूरे विश्व में लहराया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बीते 9 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को कांग्रेस शासन में 11वें स्थान से उठा कर 5वें स्थान पर पहुंचाने का महती कार्य किया है। साथ ही, इस दौरान लगभग 13 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का भी उत्तम कार्य किया है।

मध्य प्रदेश में थोड़े समय के लिए आई कांग्रेस की कमलनाथ सरकार पर कटाक्ष करते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने विकास के लिए कुछ नहीं किया, बस कमीशन खोरी का उद्योग स्थापित किया, ट्रांसफर इंडस्ट्री लगाई, बेटा-दामाद के कल्याण का उद्योग स्थापित किया और और भ्रष्टाचार की इंडस्ट्री लगाई।** कमलनाथ सरकार ने, हमारी शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा **चलाई गई 51 से ज्यादा गरीब कल्याण योजनाओं को बंद कर दिया। मध्य प्रदेश की जनता से भाजपा को मिल रहे अपार समर्थन से मुझे पूर्ण विश्वास है कि कमलनाथ वापस सत्ता में नहीं आएंगे लेकिन ध्यान रखियेगा कि यदि ये गलती से भी सत्ता में आ गए तो लाडली बहन योजना और** किसानों को मिल रही सालाना ₹12000 की आर्थिक सहायता भी बंद हो जायेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के घोटालों को गिनाते हुए कहा कि जिस कमलनाथ जी ने ₹350 करोड़ का '**मोजेर बेयर घोटाला**', ₹2400 करोड़ का '**अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला**', ₹600 करोड़ का **'इफको घोटाला'** और ₹25,000 करोड़ का **कर्जमाफ़ी घोटाला** किया, ऐसी सरकार को सत्ता में आने का कोई अधिकार नहीं है। **कांग्रेस पार्टी 4C अर्थात करप्शन, कमीशन, कम्युनल दंगे और क्रिमिनलों की पॉलिटिक्स के फॉर्मूले पर चलती है।** इस 4C से निकलकर विकास की धारा में मध्य प्रदेश को लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि **सोनिया गांधी जी का लक्ष्य अपने बेटे राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाना है और कमलनाथ ही का मकसद अपने बेटे नकुल नाथ को मुख्यमंत्री बनाना है। जो पार्टी परिवारहित की राजनीति करती है, वह गरीबों का भला नहीं कर सकती। जब केंद्र में 10 साल तक कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्होंने मध्य प्रदेश को केवल 2 लाख करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 9 साल में इसे बढ़ाकर ₹7 लाख 25 हजार करोड़ रुपये कर दिया है।** इसके साथ-साथ सड़क, रेलवे, एविएशन एवं कई संस्थानों के विकास के लिए कुल मिला कर 8 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार की ओर से भेजा गया है। यदि सभी योजनाओं को मिला दें तो 10 साल में लगभग ₹20 लाख करोड़ रुपए मध्य प्रदेश को देने का काम हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस और गरीब कल्याण का आपस में कोई लेना-देना नहीं है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 9 साल में गरीबों को सम्मान दिलाने और उनके सशक्तिकरण का काम किया है। **भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' हर साल मध्य प्रदेश के 93 लाख किसानों के बैंक खातों में ₹12 हजार डालती है। हमारी सरकार ने मध्य प्रदेश में 65 लाख गरीबों के घर में नल से जल पहुंचाया, 3 करोड़ 70 लाख गरीबों को आयुष्मान भारत का लाभ दिया है, 80 लाख शौचालय बनवाये हैं, 5 करोड़ से अधिक गरीबों को गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ पहुंचाया, लगभग 82 लाख महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किया, 36 लाख से ज्यादा गरीबों को पीएम आवास योजना के तहत घर दिया और सबको मुफ़्त में कोरोना रोधी दोनों डोज लगाए। अब हमारे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने घोषणा की है कि भाजपा की सरकार बनने पर वे मध्य प्रदेश में ₹450 में जनता को घरेलू गैस सिलिंडर उपलब्ध कराएंगे।** उन्होंने मध्य प्रदेश की जनता से राज्य में विकास की रफ़्तार को सुनिश्चित करने के लिए इस बार के विधान सभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने और 2024 में राज्य की सभी सीटों पर कमल खिलाते हुए आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

******************************